कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वैशाली

(शिक्षा भवन, दिग्धीकला, हाजीपुर)

रविन्द्र कुमार, बि0शि0से0
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

मोबाईल नं0-8544412079
हाजीपुर, वैशाली-844102

E-mail Id.-deovaishali.edn@gmail.com,deo-vaishali@bihar.gov.in

पत्रांक-791

सेवा में,

सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी,
सभी प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक,
(प्राथमिक/मध्य/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय)
जिले के सभी शिक्षक एवं कर्मी
जिला-वैशाली।

हाजीपुर, दिनांक-17/04/26

विषयः- जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना (Self Enumeration) के प्रतिवेदन को प्रत्येक घंटे अपडेट करने के संबंध में।

प्रसंग :- जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी, वैशाली के पत्रांक-646/गो0 दिनांक 15.04 एवं कार्यालय पत्रांक-787 दिनांक 16.04.2026 तथा ज्ञापांक-788 दिनांक 16.04.2026।

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में अंकित करना है कि भारत की जनगणना 2027 हेतु 'स्व-गणना' (Self-Enumeration) पोर्टल दिनांक 17.04.2026 से क्रियाशील हो चुका है। जिला पदाधिकारी, वैशाली के आर्देशानुसार इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी है। अतः इस कार्य की निरंतर निगरानी हेतु निम्नलिखित निर्देश जारी किए जाते हैं-

1. अनिवार्य अपडेट- सभी शिक्षक अपने द्वारा की गई 'स्व-गणना' (स्वयं एवं छात्र के अभिभावकों) की संख्या को प्रत्येक घंटे आधिकारिक लिंक https://deovaishali.in/self_enumeration.php के माध्यम से अपडेट करना सुनिश्चित करेंगे। नामांकन अभियान "Door to Door" के दौरान अभिभावकों को स्व-गणना (Self Enumeration) छात्र के अभिभावकों का करेगें तथा अन्य को भी 'स्व-गणना' करने हेतु प्रेरित करेंगे।
2. समय-सीमा- सभी संबंधित पदाधिकारी एवं शिक्षक यह सुनिश्चित करें कि दिनांक 18.04.2026 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक स्वयं का 'स्व-गणना' अनिवार्य रूप से करते हुए प्रतिवेदन पोर्टल पर अपडेट करना सुनिश्चित करेगें।
3. प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी- सभी प्रधानाध्यापक/प्रधान शिक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा प्रत्येक घंटे अद्यतन प्रतिवेदन अपडेट किया जा रहा है एवं विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षकों एवं कर्मी का 'स्व-गणना' कर दिया गया हैं।
4. सहभागिता- इस कार्य में टोला सेवक, तालिमी मरकज एवं सभी शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। विदित हो कि 'स्व-गणना' का कार्य वेब पोर्टल www.se.census.gov.in पर पूर्ण किया जाना है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होगी।

विश्वासभाजन

17.4.26

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
वैशाली।

17/4/26